


## दिवंगत एक्टर इरफान खान बनना चाहते थे किसान

दिवंगत एक्टर इरफान खान भले ही दुनिया छोड़कर चले गए हों लेकिन आज भी उनके चाहने वाले उन्हें उतना ही प्यार करते हैं। इरफान लोगों के दिलों में बसते हैं। उनके फैंस उन्हें एक अलग ही इज्जत और सम्मान देते हैं। इरफान सभी के साथ काफी स्पेशल बॉन्ड शेयर करते थे। अपने परिवार से लेकर अपने फैंस तक को काफी खूबसूरती से संबोधित करते थे। यूं ही नहीं आज भी लोग उन पर जान छिड़कते हैं। इरफान की पत्नी सुतापा सिकदर अपने पति के काफी करीब थीं। हाल ही में सुतापा सिकदर ने अपने छोटे बेटे अयान की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। तस्वीर में, हम अयान को केले का एक गुच्छा पकड़े हुए देख सकते हैं। सुतापा ने इस तस्वीर को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया और ये भी खुलासा किया कि दिवंगत एक्टर इरफान खान एक शहरी किसान बनना चाहते थे। तस्वीर को शेयर करते हुए सुतापा ने लिखा, 'आम के बाद जब आप खेत से केले लेकर घर लौटते हैं और आपका लड़का गांव के बाजार में किसान की तरह दिखने की कोशिश कर रहा है। केला बेचने वाला।'

## विशाल कोटियान ने 6 पैक्स एब्स का बताया सीक्रेट

रियलिटी शो बिग बॉस 15 फेम विशाल कोटियान अपने लुक्स को लेकर हमेशा ही कॉन्शियश दिखाई देते हैं। घर में भी वह अक्सर जिम एरिया में ही नजर आते थे और मौका मिलते ही अपनी बॉडी फ्लॉन्ट करने में लग जाते थे। विशाल अपने 6–8 पैक्स एब्स को हमेशा दिखाते रहते हैं। विशाल कोटियान ने अपने वर्क आउट टाइम के बारे में बात की। बताया कि उन्होंने बचपन से ही खुद को फिट रखने की कोशिश की है। उन्हें Goju&Ryu&Karate में ब्लैक बेल्ट मिली है। मैंने 9 साल की उम्र से ही कराटे की ट्रेनिंग लेनी शुरू कर दी थी। और 16 सा की उम्र तक वह मेरा रूटीन बन गया था। विशाल कोटियान ने बताया कि उन्होंने अपनी डायट को मेनटेन किया हुआ है। वह स्ट्रिक्ट डायट फॉलो करते हैं। वह कहते हैं, मेरे लिए फिटनेस बहुत ही सिंपल है। मैं रोज जिम जाता हूं। किस दिन मुझे किस बॉडी पार्ट पर मेहनत करनी है, वह रोज का तय है। मैं 16 घंटे भूखा रहता हूं। 8 घंटे खाता हूं। मेरा वजन 77 किलो है इसलिए मुझे 150 ग्राम प्रोटीन की रोज जरूरत होती ही है। मैं रात के 7 या फिर ज्यादा से ज्यादा 8 बजे के बाद नहीं खाता हूं। सुबह भी मैं 11 बजे के पहले नहीं खाता हूं।

## केविन स्पेसी पर चल रहे हैं 4 सेक्शुअल असॉल्ट और 1 रेप का केस



मशहूर हॉलीवुड स्टार केविन स्पेसी के हाथ से चंगेज खान फिल्म का एक महत्वपूर्ण किरदार छीन लिया गया है। केविन पर इंग्लैंड में एक सेक्शुअल असॉल्ट (यौन हमले) का केस चल रहा है। केवन को फिल्म 1242 गेटवे टू द वेस्ट में कास्ट किया जाना था। इस हिस्टोरिकल ड्रामा फिल्म में उनका किरदार एक हंगेरियन साधु का था जो यूरोप में चंगेस खान की आर्मी के हमले को रोकना चाहता है। फिल्म के प्रड्यूसर बिल चौंबरलिन ने मीडिया को बताया है कि उन्होंने ज्ञमअपद˜चंबमल पर यूके में लगे 4 सेक्शुअल असॉल्ट और 1 रेप का मामला चलने के बाद उन्हें रिप्लेस कर दिया है। हालांकि अभी तक यह पता नहीं चला है कि केविन स्पेसी वाला किरदार किसे दिया जाएगा। गुरुवार को लंदन के एक कोर्ट में केविन स्पेसी ने खुद पर लगे पाचों आरोपों को बेबुनियाद बताया था। उनके मामलों की सुनवाई 6 जून 2023 से शुरू होगी जो 3–4 हफ्ते चल सकती है। बता दें कि पीटर सूस के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म श्गेटवे टू द वेस्टश का बजट लगभग 10 मिलियन डॉलर से लेकर 25 मिलियन डॉलर का है। इस फिल्म की शूटिंग 17 अक्टूबर से शुरू होकर 2 महीने तक चलेगी। केविन स्पेसी फिल्म पीटर फाइव एटश में भी नजर आएंगे।

# ग्रेसी सिंह को घमंडी बताने लगे थे लोग

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*बॉलीवुड में 20 के दशक में ग्रेसी सिंह ने आमिर खान की श्लगानश और संजय दत्त की श्मुन्ना भाई एमबीबीएसश जैसी फिल्मों से जबरदस्त एंट्री मारी। यह एक ऐसा चेहरा था जिसकी मासूमियत और खूबसूरती देसी दर्शकों के दिलों को छू गई। उनकी फिल्म श्लगानश के बाद से ही ऐसा कहा जाने लगा था कि ग्रेसी सिंह बॉलीवुड में लंबी पारी खेलने आई हैं, लेकिन वास्तव में ऐसा हुआ नहीं। हालात ऐसे हो गए कि करियर का ग्राफ गिरता देख ग्रेसी सिंह अपने लिए सही फैसले लेने में भी चूक गईं और उन्होंने बी ग्रेट की फिल्म तक करने का फैसला ले लिया।*

**ग्रेसी सिंह के हाथ लग गई सुपरस्टार आमिर खान की फिल्म**

जुलाई 20, साल 1980 में जन्मीं ग्रेसी सिंह दिल्ली की पैदाइश हैं। ग्रेसी सिंह ने भरतनाट्यम और ओडिसी डांस की ट्रेनिंग ली है और उन्होंने एक डांस ग्रुप द प्लैनेट्स के साथ अपने करियर की शुरुआत की। अपनी कुछ शानदार फिल्मों के लिए जानी जानेवालीं ग्रेसी सिंह ने साल 1997 में टेलिविजन सीरियल अमानत से ऐक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इसके बाद साल 1999 में बंगाली फिल्म सुन्दरी बोउ में नजर आईं। इसके बाद ग्रेसी सिंह के हाथ लग गई बॉलीवुड के सुपरस्टार आमिर खान की फिल्म लगान। इस फिल्म में आमिर की इस हिरोइन के रूप में एक सीधी–सादी गांव की लड़की के रोल के लिए ऐक्ट्रेस चाहिए थी, जो क्लासिकल डांस में माहिर हो। इस रोल के लिए सैकड़ों लड़कियों का ऑडिशन हुआ, जिसमें सबको ग्रेसी सिंह का चेहरा और अंदाज पसंज आया और वह इस किरदार में खूब जमीं। लोगों ने इनका देसी अंदाज खूब पसंद किया



और उन्हें बेस्ट फीमेल डेब्यू के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट भी किया गया।

**लोग कहने लगे थे घमंडी**

ग्रेसी सिंह ने इसके बाद कुछ और सक्सेसफुल फिल्में कीं, जिनमें अजय देवगन की गंगाजल, संजय दत्त की मुन्ना भाई एमबी बीएस जैसी फिल्में कीं। इसके बाद जहां फिल्मों का ग्राफ ऊपर बढ़ना था, वहीं चीजें पलट गईं। कहते हैं कि ग्रेसी सिंह इन फिल्मों के बाद सोचने लगी थीं कि फिल्म इंडस्ट्री में वह कुछ ऐसा करें ताकि उनका नाम हो जाए। बताया जाता है कि फिल्म श्लगानश के दौरान वह अपने रोल में इस कदर रम जातीं कि शूटिंग के दौरान फ्री होने पर भी किसी से बातें नहीं करतीं और लोगों को लगने लगा कि वह घमंडी हैं।

**इंडस्ट्री में खेमेबाजी पर उंगली उठाई**

उस दौरान उनका एक इंटरव्यू भी काफी चर्चा में था, जिसमें उन्होंने खुद पर लगे घमंडी के आरोपों पर जवाब दिया था। ग्रेसी ने अपने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि वह मेहनत करने से नहीं घबरातीं लेकिन चापलूसी नहीं कर सकती हैं। ऐक्ट्रेस ने तब इंडस्ट्री में खेमेबाजी पर उंगली उठाई थी और कहा था, फिल्म इंडस्ट्री की खेमेबाजी मुझे समझ नहीं आती, रोल हासिल करने के लिए प्रड्यूसर के पास जाना, पार्टी अटेंड करना, ये सब मुझे पंसद नहीं था। मुझे पता ही नहीं चला कि कब मेरे पास काम आना बंद हो गया।

# हिट–द फर्स्ट केस और शाबाश मिठू की सुस्त शुरुआत



*तापसी पन्नू की शाबाश मिठू और राजकुमार राव–सान्या मल्होत्रा की श्हिट द फर्ट केसश बॉक्स ऑफिस पर इस शुक्रवार रिलीज हुई है। दोनों ही फिल्मों ने सुस्त रफ्तार पकड़ी है। अब देखना ये होगा कि ओपनिंग डे कलेक्शन के कम बिजनेस के बाद ये कैसे वीकेंड पर खुद को संभालते हैं। जानिए शाबाश मिठू और हिट का फर्स्ट डे कलेक्शन रिपोर्ट।*

**हिट का First Day Collection**

पहले बात करते हैं सान्या मल्होत्रा और राजकुमार राव की हिट–द फर्स्ट केस की तो ये 15 जुलाई 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसे गिरीश कोहली और शैलेश ने लिखा और शैलेश ने ही इसे डायरेक्ट किया है। हिट– द फर्स्ट केस ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 1.15 करोड़ रुपये के साथ खाता खोला है। ये आंकड़ा पिछले हफ्ते रिलीज हुई फ्लॉप रिलीज हुई खुदा हाफिज 2 और राष्ट्र कवच ओम से भी कम रहा है।

**हिट- द फर्स्ट केस डे 2 प्रीडिक्शन**

शुक्रवार को तो हिट– द फर्स्ट केस हिट नहीं हो पाई लेकिन अपनी प्रतिद्वंदी फिल्म शाबाश मिठू से जरूर आगे रही। जी हां, शाबाश मिठू के मुकाबले हिट ने दोगुना बिजनेस किया है। उम्मीद करते हैं कि इसका वीकेंड कलेक्शन और बेहतर हो पाए और ये अपनी साख बचा पाए। माना जा रहा है कि शनिवार को ये कलेक्शन करीब डेढ़ करोड़ तक पहुंच सकता है।

**शाबाश मिठू का ओपनिंग कलेक्शन**

हिट के साथ तापसी पन्नू की फिल्म शाबाश मिठू का बॉक्स ऑफिस क्लैश हुआ है। ये भारतीय महिला क्रिकेटर मिताली राज के जीवन पर बनी बायोपिक है। जिसे श्रीजीत मुखर्जी ने डायरेक्ट किया है। अब तक क्रिकेटर्स और स्पोर्ट्स पर ढेरों फिल्में बन चुकी हैं। कुछ तो सुपरहिट भी साबित हुई हैं। लेकिन बॉक्स ऑफिस पर शाबाश मिठू का जादू न चल सका। पहले दिन सिर्फ 40 लाख की कमाई के साथ इसने अपना खाता खोला। शाबाश मिठू से पहले क्रिकेट पर बनी आखिरी फिल्म 83 रिलीज हुई थी। कोरोना में 83 ने इंडिया में 107 करोड़ तो वर्ल्ड वाइड 193 करोड़ का बिजनेस किया था। लेकिन 83 का बजट 250 करोड़ से भी ज्यादा था और इस बजट के मुताबिक फिल्म कोई खास कमाल नहीं कर पाई थी।